एक नजर में

विष्णु गवली बने शक्ति केंद्र संयोजक

शाजापुर । भाजपा नगर अध्यक्ष पं.आशीष नागर ने भाजपा प्रदेश अध्यक्ष हेमंत खंडेलवाल, विधायक अरूण भीमावद व भाजपा जिलाध्यक्ष डॉ.रवि पांडे की सहमति से शक्ति केंद्र संयोजकों की नियुक्ति की है. जिसमें शक्ति केंद्र क्रमांक 17, 18, 19 व 24 के संयोजक के रूप में विष्णु गवली को नियुक्त किया है. श्री गवली के संयोजक नियुक्त होने पर उनके समर्थकों व पार्टी कार्यकर्ताओं ने हर्ष व्यक्त करते हुए वरिष्ठों का आभार व्यक्त किया है.

मुख्यमंत्री डॉ. यादव के दौरे को लेकर प्रशासन अलर्ट

शुजालपुर । प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के आगामी 31 मई को प्रस्तावित शुजालपुर दौरे को लेकर जिला प्रशासन सक्रिय हो गया है. कलेक्टर ऋजु बाफना एवं पुलिस अधीक्षक यशपाल सिंह राजपूत ने कार्यक्रम स्थलों का निरीक्षण कर तैयारियों का जायजा लिया. निरीक्षण के दौरान अधिकारियों ने मां शारदा सांदीपनि विद्यालय एवं शासकीय जेएनएस महाविद्यालय शुजालपुर पहुंचकर प्रस्तावित कार्यक्रमों के लिए व्यवस्थाओं का अवलोकन किया. इस दौरान बैठक व्यवस्था, सुरक्षा इंतजाम, हेलीपैड निर्माण, मंच व्यवस्था एवं पार्किंग सहित अन्य व्यवस्थाओं पर विस्तार से चर्चा की गई .इसके पश्चात कलेक्टर एवं पुलिस अधीक्षक ने विभिन्न विभागों के अधिकारियों की बैठक लेकर आवश्यक दिशा-निर्देश दिए. अधिकारियों को कार्यक्रम की सभी तैयारियां समय-सीमा में पूर्ण करने तथा सुरक्षा एवं व्यवस्थाओं में किसी प्रकार की कमी नहीं रहने के निर्देश दिए गए.

कांग्रेस नेताओं ने दी पूर्व प्रधानमंत्री जवाहरलाल नेहरू को श्रद्धांजलि, जिला कार्यालय में आयोजन

आगर-मालवा । कांग्रेस जिला अध्यक्ष विजयलक्ष्मी तंवर के नेतृत्व में बुधवार को बड़ौद रोड स्थित जिला कांग्रेस कार्यालय में देश के प्रथम प्रधानमंत्री भारत रत्न जवाहर लाल नेहरू की पुण्यतिथि श्रद्धापूर्वक मनाई गई. कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने पंडित नेहरू के चित्र पर माल्यार्पण कर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की तथा देश निर्माण में उनके योगदान और बलिदानों को याद किया. कार्यक्रम के दौरान जिला कांग्रेस अध्यक्ष विजयलक्ष्मी तंवर ने आगर-मालवा की ऐतिहासिक धरोहर नेहरू स्मृति वन के संरक्षण, जीर्णोद्धार एवं सुरक्षा की मांग को लेकर एक ज्ञापन डिप्टी कलेक्टर कमल मंडलोई को सौंपा. ज्ञापन में नगर पालिका द्वारा आरक्षित भूमि के व्यावसायिक दोहन तथा वहां मौजूद हरे-भरे वृक्षों की कटाई पर तत्काल रोक लगाने की मांग की गई. जिला कांग्रेस अध्यक्ष ने कहा कि नेहरू स्मृति वन शहर की ऐतिहासिक एवं पर्यावरणीय धरोहर है, जिसे सुरक्षित रखना हम सभी की जिम्मेदारी है. उन्होंने प्रशासन से वन क्षेत्र को संरक्षित कर उसके सौंदर्यीकरण एवं विकास के लिए ठोस कदम उठाने की मांग की. इस अवसर पर मोहन यादव, देवकरण गुर्जर, रईस शेख, अंकुश भटनागर, अर्जुन सिंह, देवेंद्र वर्मा, हीरालाल यादव, पप्पू लाला, इमरान अली, देवराज ठाकुर, लालूराम मालवीय, अमित अजमेरा, कमल जाटव, श्याम गवली, ईश्वर गरासिया, वहाब मुल्तानी एवं संदीप शर्मा सहित बड़ी संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ता उपस्थित रहे. जानकारी सचिन खरे ने दी.

जिला अध्यक्ष ने प्रशासन को दी चेतावनी

जिला अध्यक्ष विजयलक्ष्मी तंवर ने चेतावनी दी की यदि प्रशासन इस ऐतिहासिक वन को सुरक्षित करने और नगर पालिका द्वारा अवैध दोहन को रोकने में तत्परता नहीं दिखता है, तो जनहित और पर्यावरण की रक्षा के लिए कांग्रेस चरणबद्ध आंदोलन करने को बाध्य होगी.

11 वर्ष से फरार कुख्यात गौ-तस्कर गिरफ्तार

आगर-मालवा । आगर कोतवाली थाने के अंतर्गत आने वाली पिपलौन चौकी पुलिस ने करीब 11 साल से फरार चल रहे कुख्यात गौ-तस्कर को गिरफ्तार करने में महत्वपूर्ण सफलता प्राप्त की है. प्राप्त जानकारी के अनुसार आरोपी आसिफ उर्फ आशिक पिता अनीस अली उम्र 32 वर्ष निवासी अयोध्या बस्ती आगर, हाल मुकाम बेगमबाग कॉलोनी उज्जैन के विरुद्ध थाना महिदपुर एवं थाना महिदपुर रोड जिला उज्जैन में गौ-तस्करी से संबंधित विभिन्न प्रकरण दर्ज हैं. आरोपी लंबे समय से फरार चल रहा था तथा गिरफ्तारी से बचने के लिए लगातार अपने ठिकाने बदल रहा था. आरोपी उज्जैन क्षेत्र में किराए का ऑटो चलाकर पहचान छुपाते हुए रह रहा था. आरोपी के विरुद्ध विभिन्न प्रकरणों में न्यायालय द्वारा 4 स्थाई वारंट जारी किए गए थे. लंबे समय से पुलिस आरोपी की तलाश में थी. चौकी पिपलौन पुलिस को विश्वसनीय सूचना प्राप्त हुई कि आरोपी पिपलौन बस स्टैंड क्षेत्र में आने वाला है. सूचना मिलते ही चौकी प्रभारी द्वारा तत्काल पुलिस टीम गठित कर योजनाबद्ध तरीके से घेराबंदी की गई. पुलिस टीम द्वारा सतर्कता एवं त्वरित कार्रवाई करते हुए आरोपी को दबिश देकर गिरफ्तार किया गया. आरोपी के विरुद्ध जारी स्थाई वारंटों की विधिवत तामीली कर उसे गिरफ्तार कर माननीय न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किया गया. उक्त कार्रवाई में थाना प्रभारी कोतवाली निरीक्षक शशि उपाध्याय, चौकी प्रभारी पिपलौन अजय जाट, प्रधान आरक्षक इकबाल खान, दामोदर शर्मा एवं आरक्षक विनोद चौहान की सराहनीय भूमिका रही.

फूटी पाइप लाइन, शहरभर में प्रभावित हुआ जलप्रदाय

सड़क निर्माण के दौरान फिर क्षतिग्रस्त हुई पानी लाइन, नल के इंतजार में दिन भर परेशान हुए नगरवासी

शाजापुर। भीषण गर्मी का सामना कर रहे नगरवासियों के लिए बुधवार का दिन मुसीबत बनकर आया. इस दिन लोगों को पूरे दिन नपा द्वारा किए जाने वाले जलप्रदाय के लिए इंतजार करना पड़ा. घंटों बाद सुधरी पाइप लाइन के बाद कहीं पर 6 घंटे तो कहीं पर 10 घंटों के बाद जलप्रदाय किया जा सका. लेकिन उसमें भी समय की कटौती की गई जिसके कारण लोगों को पर्याप्त जलापूर्ति नहीं हो सकी.

यह पहला मौका नहीं है जब पाइप लाइन क्षतिग्रस्त हुई हो. बल्कि एक माह में करीब 10 से 12 बार बस स्टैंड क्षेत्र में पाइप लाइन फूट चुकी है. क्योंकि यहां पर फोरलेन का निर्माण कार्य चल रहा है. जहां काम कर रहे ठेकेदार के कर्मचारी खुदाई के दौरान पाइप लाइन को नुकसान पहुंचा रहे हैं. इससे न सिर्फ पानी की बर्बादी हो रही है बल्कि लोगों को भीषण गर्मी में अघोषित जलसंकट का भी सामना करना पड़ रहा है. जितनी बार भी पाईप लाईन क्षतिग्रस्त हुई काफी मात्रा में पानी व्यर्थ बह गया. जिसके चलते नपा को जल वितरण में कटौती करना पड़ रही है और समस्या नगरवासियों को उठाना पड़ रही है. लेकिन एक भी बार नपा द्वारा ठेकेदार के खिलाफकार्रवाई नहीं की गई है.

घंटों देरी से हुआ जलप्रदाय, नगरवासी हुए परेशान

बुधवार को पाइप लाइन का सुधार कार्य करने में नपा और ठेकेदार के कर्मचारियों को घंटो लग गए. ऐसे में जहां सुबह 5 बजे जलप्रदाय होता था वहां दोपहर 3 बजे के बाद जलप्रदाय किया गया और जहां 10 बजे होना था वहां शाम सात बजे तक भी नपा द्वारा जल वितरण नहीं किया किया जा सका. जबकि इन दिनों लोग भीषण गर्मी का सामना कर रहे हैं. ऐसे में लोगों के लिए पानी कितना जरूरी है इसका अंदाजा लगाया जा सकता है. लेकिन ऐसे मौसम में लोगों को पानी के लिए परेशान होना पड़ रहा है. इससे अंदाजा लगाया जा सकता है कि लोगों को किस कदर परेशानी उठाना पड़ी होगी.

तेजी से घट रहा चीलर बांध का जल स्तर

चीलर बांध में वर्तमान में 3 फीट से भी कम पानी बचा है और बारिश आने में अभी काफी समय शेष है. वहीं जब भी पाइप लाइन फूटी काफी मात्रा में पानी व्यर्थ बह गया. यदि इसी तरह पाइप लाइन फूटती रही और पानी व्यर्थ बहता रहा तो लोगों को आने वाले दिनों में जलसंकट का सामना करना पड़ सकता है. मंगलवार देर रात को भी ठेकेदार के कर्मचारियों की लापरवाही से पाइप लाइन फूटी कई घंटों तक पानी व्यर्थ बह गया. जब नपा को सूचना मिली तो सीएमओ मौके पर पहुंचे और अपने कर्मचारियों को पाइप लाइन दुरूस्त करने के निर्देश दिए.

इनका कहना है

नगर में सड़क निर्माण का कार्य चल रहा है. जब भी पाइप लाइन क्षतिग्रस्त हुई उसका सुधार कार्य सड़क निर्माण ठेकेदार द्वारा करवाया गया है. जहां पाइप लाइन है वहां का कार्य लगभग पूर्ण हो चुका है. अब इस तरह की समस्या नहीं आएगी.

- भूपेंद्रकुमार दीक्षित, सीएमओ, नपा शाजापुर

छात्राओं ने सीखे व्यावसायिक हुनर

आगर-मालवा । सांदीपनि शासकीय मॉडल उमावि में व्यावसायिक शिक्षा अंतर्गत संचालित ब्यूटी एंड वेलनेस ट्रेड की छात्राओं हेतु आयोजित 20 दिवसीय ऑन जॉब ट्रेनिंग सम्पन्न हुई. यह प्रशिक्षण टच एंड ग्लो ब्यूटी पार्लर आगर में विशेषज्ञों के मार्गदर्शन में आयोजित किया. प्रशिक्षण में कक्षा 10वीं की छात्राओं को ब्यूटी एंड वेलनेस क्षेत्र से संबंधित व्यावहारिक जानकारी, कार्यस्थल का अनुभव, ग्राहक व्यवहार, टीम वर्क एवं संवाद कौशल का प्रशिक्षण प्रदान किया. प्रशिक्षण के दौरान छात्राओं ने सहभागिता करते हुए विभिन्न व्यावसायिक गतिविधियों को व्यवहारिक रूप से सीखा. प्राचार्य संजीव उपाध्याय ने बताया कि इस प्रकार के प्रशिक्षण विद्यार्थियों को रोजगार एवं स्वरोजगार के लिए तैयार करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं. उन्होंने कहा कि व्यावसायिक शिक्षा के माध्यम से छात्राओं में आत्मविश्वास बढ़ने के साथ-साथ भविष्य में कॅरियर निर्माण के नए अवसर भी विकसित होते हैं. इस दौरान संस्था की व्यावसायिक प्रशिक्षक निशा रामानुज भी उपस्थित रहीं.

लोकप्रियता के संकट पर पार्षदों को बोर्ड का सहारा...

बात शाजापुर की
मनोज पुरोहित

मेरे बोर्ड से ही मेरा किरदार है... बोर्ड न गड़ता, तो राजनीति के नक्शे से ही उतर जाता... कुछ ऐसा ही इन दिनों पार्षदों के नाम के नए बोर्ड को लेकर चर्चा है. गनीमत है कि हमारे शाजापुर की नगर सरकार को कार्यकाल के आखिरी दिनों में ही सही, लेकिन एक बात का भान तो हुआ. वह बात यह कि जब पांच साल तक जनता अपने वार्ड के माननीय को ढूंढते-ढूंढते थक गई, तो आखिरकार नगर सरकार को दया आ ही गई. अब जब विदाई की बेला नजदीक है, तो पार्षदों के घरों के बाहर उनके नाम, पते और पहचान के चमचमाते बोर्ड लगवाए गए हैं. इसे कहते है देर आए, दुरुस्त आए, पर बोर्ड के साथ आए. शहर की चौपालों पर इस वक्त सबसे बड़ा यक्ष प्रश्न यही तैर रहा है कि आखिर पांच साल तक जनता के सुख-दुख में कंधे से कंधा मिलाने का दावा करने वाले हमारे जनप्रतिनिधियों को अचानक इस नेम प्लेट थेरेपी की जरूरत क्यों पड़ गई. इस बारे में जनता का दर्द यह है कि भैया, पांच साल तक नाली साफ कराने के लिए हम पार्षद को ढूंढते रहे, तब तो पार्षद जी अंतर्ध्यान थे. अब जब चुनाव सिर पर आने वाले हैं, तो घर के बाहर बोर्ड लगाकर बता रहे हैं कि हम यहीं रहते हैं. इसी प्रकार पार्षद का दर्द ये है कि अरे भाई, तुम क्या समझो. हम तो जनसेवा में इतने लीन थे कि खुद अपने घर का रास्ता भूल गए थे. यह बोर्ड हमारे लिए है, जनता के लिए थोड़े ही है. सच्चाई तो यह है कि शहर में चर्चाओं का बाजार गर्म है. लोग चुटकियां ले रहे हैं कि यह पार्षदों की लोकप्रियता का चरम है या अलोकप्रियता का खौफ. कहीं ऐसा तो नहीं कि पार्षद महोदयों को डर है कि अगर बोर्ड नहीं लगाया, तो अगली बार जब वे वोट मांगने निकलेंगे, तो जनता पहचान ही नहीं पाएगी कि ये हमारे वार्ड के माननीय हैं या किसी दूसरे वार्ड से रास्ता भटक कर आ गए हैं. एक बात यह भी है कि कार्यकाल खत्म होने के बाद जब हाथ में कुछ नहीं रहेगा, तो यह बोर्ड कम से कम इस बात की गवाही तो देगा कि हां, कभी हम भी इस शहर के हुक्मरान हुआ करते थे. कुछ शरारती तत्वों का तो यह भी कहना है कि यह बोर्ड दरअसल जनता के लिए नहीं, बल्कि पार्षदों के अपनों के लिए है. पांच साल तक पार्षद जी ने वार्ड में इतनी अदृश्य तरक्की की है कि खुद विकास भी उन्हें ढूंढ नहीं पा रहा था. अब इस बोर्ड के बहाने कम से कम विकास को उनका पता तो मालूम हो जाएगा. खैर, कार्यकाल खत्म होने को है, नगर सरकार जाने को है. जाते-जाते उन्होंने शहर को एक नई सीख दे दी है कि काम ऐसा करो कि नाम की जरूरत न पड़े, लेकिन अगर काम न किया हो, तो बोर्ड जरूर लगा देना, ताकि लोग कम से कम नाम तो जान सकें. शाजापुर की जनता अब इस बोर्ड को देखकर मुस्कुरा रही है और मन ही मन कह रही है साहब, पता तो बता दिया, काश पांच साल पहले थोड़ा अता-पता भी बता दिया होता. हालांकि भले ही भाजपा-कांग्रेस एक-दूसरे की प्रतिद्वंद्वी पार्टी है, लेकिन कांग्रेस पार्षदों के नाम के बोर्ड लगाकर भी भाजपा ने उन पर उपकार किया है.

मेरा बोर्ड ही अब मेरी पहचान है...

पांच साल तक जनता ढूंढती रही जिनका अता-पता, अब वो बोर्ड लगाकर जनता को बता रहे हैं अपना पता... चार साल तक बिना बोर्ड के पार्षद घूम रहे थे, लेकिन अब वार्ड पार्षद की पहचान उनका बोर्ड बन चुका है. लक्जरी बोर्ड, जिस पर पार्षद के नाम और घर के पते का तीर बना हुआ है. हो सकता है कि चार साल में पार्षद अपने घर का पता भूल गए हों, इसलिए नगर पालिका ने उन्हें उनके घर का पता बताने के लिए बोर्ड बनाया है. ताकि वे अपने वार्ड में रहकर लोगों की सुनें. बोर्ड का उद्देश्य यह भी रहा होगा कि पार्षद अब कम से कम एक साल तक तो अपने वार्ड में ध्यान देगा. यह भी कह सकते हैं कि जिन-जिन के बोर्ड लग गए हैं, उन्हें अब घर वापसी में परेशानी नहीं आएगी.

जिसका बोर्ड, उसका कमीशन

भ्रष्टाचार और कमीशन में विकेंद्रीकरण भी हो सकता है. जिस पार्षद का बोर्ड लगा है, उस बोर्ड का कमीशन पार्षद का ही होगा. अब किसी भी पार्षद को कमीशन के लिए भटकना नहीं होगा. वो अपने बोर्ड के नीचे आकर खड़ा हो जाएगा, जिसे आने वाले समय में डिलींग पाइंट नाम दिया जाएगा. बोर्ड लगाने से एक और फायदा है, कांग्रेस के पार्षद भाजपा के पार्षद पर आरोप नहीं लगा पाएंगे और भाजपा के पार्षद कांग्रेस पर आरोप नहीं लगा पाएंगे. क्योंकि बोर्ड सब के नाम के लगे हुए हैं. इसलिए सब मिल बांट कर खाएंगे.

अंत में...

कमाल की नगर सरकार है, कमाल का इनका ये ज्ञान है... विदाई के वक्त मिला पार्षदों को घर के बाहर अपना नाम है...

सेवानिवृत्ति और विदाई समारोह में कर्मचारियों का सम्मान

शुजालपुर । लोक स्वास्थ्य यांत्रिकीय विभाग द्वारा आयोजित सेवानिवृत्ति एवं सम्मान समारोह में संपन्न हुआ. कार्यक्रम की अध्यक्षता एसडीओ शुजालपुर योगिता मार्को ने की. मुख्य अतिथि के रूप में ईई के.एस. डामोर उपस्थित रहे, जबकि विशेष अतिथि के रूप में उपयंत्री रोहन डोडियार एवं शैलेन्द्र बंडोद मौजूद रहे. समारोह में 31 मई 2026 को सेवानिवृत्त हो रहे सुरेश पाठक सहित जून 2026 में सेवानिवृत्त होने वाले राजेंद्र उपाध्याय, जितेंद्र सिंघवी, गंगाराम शर्मा, बाबूलाल योगी एवं यूनुस खान का सम्मान किया गया. साथ ही उपयंत्री अमृत धाकड़ के स्थानांतरण पर विदाई समारोह भी आयोजित किया गया. सम्मानित कर्मचारियों को शाल-श्रीफल, पुष्पमाला एवं बाबा जटाशंकर महादेव का चित्र भेंट कर सम्मानित किया गया. कार्यक्रम का संचालन प्रवीण जोशी ने किया. वक्ताओं ने कर्मचारियों की कर्मनिष्ठा, अनुशासन एवं समर्पण भावना की सराहना करते हुए उनके सुखद एवं स्वस्थ जीवन की कामना की.

119 ऑनलाइन कोर्स के साथ डॉ. बोड़ाने शीर्ष पर

आई गोट कर्मयोगी पोर्टल पर 2 उत्कृष्ट बैज भी हासिल किए, बीकेएसएन प्राचार्य ने किया सम्मानित

शाजापुर । केंद्र सरकार द्वारा संचालित आई गोट कर्मयोगी पोर्टल पर आयोजित साधना सप्ताह में प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस, बीकेएसएन शासकीय महाविद्यालय शाजापुर के रसायन शास्त्र विभागाध्यक्ष एवं सहायक प्राध्यापक डॉ. अरुण कुमार बोड़ाने ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए उच्च शिक्षा विभाग मध्यप्रदेश शासन के अंतर्गत महाविद्यालय एवं जिला स्तर पर प्रथम स्थान प्राप्त कर संस्था को गौरवान्वित किया है.

उल्लेखनीय है कि आई गोट कर्मयोगी पोर्टल के माध्यम से राज्य सरकारों के शासकीय कर्मचारियों के प्रशिक्षण एवं क्षमता विकास हेतु विभिन्न ऑनलाइन पाठ्यक्रम संचालित किए जाते हैं. उच्च शिक्षा विभाग मध्यप्रदेश शासन के भी दस हजार से अधिक कर्मचारी इस पोर्टल पर पंजीकृत हैं. साधना सप्ताह के दौरान डॉ. बोड़ाने ने सक्रिय सहभागिता करते हुए कुल 119 ऑनलाइन कोर्स सफलतापूर्वक पूर्ण किए तथा 2 उत्कृष्ट बैज भी अर्जित किए. डॉ. बोड़ाने की इस उल्लेखनीय उपलब्धि पर महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. एसएकेण् तिवारी ने उन्हें उत्कृष्ट प्रदर्शन प्रमाण पत्र प्रदान कर सम्मानित किया.

निरंतर सीखने की प्रतिबद्धता...

प्राचार्य डॉ. तिवारी ने कहा कि डॉ. बोड़ाने का यह उत्कृष्ट प्रदर्शन उनकी निरंतर सीखने की प्रतिबद्धता, कार्य के प्रति समर्पण एवं आत्म विकास की प्रेरणादायी सोच को दर्शाता है. इससे महाविद्यालय की शैक्षणिक एवं प्रशिक्षण गतिविधियों को नई दिशा मिलेगी. डॉ. बोड़ाने की इस उपलब्धि पर महाविद्यालय स्टाफ ने बधाई प्रेषित की.

एक नजर में कृषि विज्ञान केंद्र ने पनवाड़ी-लड़ावद में चलाया विशेष जागरुकता अभियान

संतुलित उर्वरक उपयोग और मृदा परीक्षण से बढ़ेगी पैदावार

शाजापुर । जिले में खरीफ फसलों में संतुलित मात्रा में उर्वरकों के उपयोग तथा मृदा स्वास्थ्य जल संरक्षण को लेकर कृषि विज्ञान केंद्र शाजापुर द्वारा विशेष जागरुकता अभियान चलाया जा रहा है. इसी क्रम में ग्राम पनवाड़ी में 26 मई को और ग्राम लड़ावद में 27 मई को मिट्टी परीक्षण एवं संतुलित उर्वरक उपयोग विषय पर शिविर और प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किए गए.

कार्यक्रम में कृषि विज्ञान केंद्र के वरिष्ठ वैज्ञानिक एवं प्रमुख डॉ. एसएस धाकड़ तथा वैज्ञानिक डॉ. मुकेश सिंह उपस्थित रहे. इस दौरान डॉ. धाकड़ ने किसानों को मृदा परीक्षण, मिट्टी का नमूना लेने की विधि और संतुलित उर्वरकों के उपयोग की जानकारी दी. वैज्ञानिकों ने बताया कि किसानों द्वारा लगातार डीएपी, यूरिया, पोटाश और जिंक जैसे रासायनिक उर्वरकों का असंतुलित उपयोग किया जा रहा है, जिससे उत्पादन लागत बढ़ रही है और मिट्टी की उर्वरता प्रभावित हो रही है. डॉ. धाकड़ ने किसानों से तीन वर्ष में कम से कम एक बार मिट्टी परीक्षण कराने और उसकी रिपोर्ट के आधार पर ही उर्वरकों का उपयोग करने की अपील की. साथ ही मिट्टी का नमूना लेने की सही प्रक्रिया और आवश्यक सावधानियों की विस्तार से जानकारी दी. इस दौरान भूमि एवं जल संरक्षण के विभिन्न उपाय के बारे में विस्तार से जानकारी दी.

उन्नत खेती के लिए जैविक खाद के उपयोग को बढ़ावा देना जरूरी...

डॉ. मुकेश सिंह ने बताया कि कई बार किसान अच्छे बीज और पर्याप्त खाद का उपयोग करने के बावजूद अपेक्षित उत्पादन नहीं ले पाते, जिसका मुख्य कारण मृदा स्वास्थ्य का खराब होना है. उन्होंने कहा कि मिट्टी में सूक्ष्म जीवाणुओं, मित्र कीटों और जैविक तत्वों की कमी लगातार बढ़ रही है. इसके लिए गोबर खाद, हरी खाद और जैविक खाद के उपयोग को बढ़ावा देना जरूरी है. किसानों को ढैंचा, सन, मूंग, उड़द और लोबिया जैसी फसलों को हरी खाद के रूप में उपयोग करने की जानकारी दी गई, जिससे मिट्टी की उर्वरता और जलधारण क्षमता में सुधार होता है. कृषि विशेषज्ञों ने किसानों से अपील की कि वे संतुलित उर्वरक उपयोग, मृदा परीक्षण और जैविक उपायों को अपनाकर लागत कम करें तथा उत्पादन और मुनाफा बढ़ाएं.

नि:शुल्क नेत्र शिविर में 85 मरीजों की जांच

शुजालपुर । सेवा सदन शाखा द्वारा स्व. चिरौंजीलाल बंसल एवं स्वर्गीय रमेशचंद्र बंसल की पुण्य स्मृति में निशुल्क नेत्र परीक्षण शिविर आयोजित किया गया. शिविर का आयोजन उनके सुपुत्र के सहयोग से सेवा सदन केंद्र पर संपन्न हुआ. शिविर में कुल 85 मरीजों की आंखों की जांच की गई. साथ ही मरीजों का शुगर एवं बीपी परीक्षण भी किया गया. चिकित्सक एवं ने स्वास्थ्य परीक्षण कर 32 मरीजों को मोतियाबिंद ऑपरेशन के लिए चयनित किया. चयनित मरीजों को बस द्वारा संत हिरदाराम नगर, एरोड्रम रोड गांधीनगर, स्थित चिकित्सालय भेजा गया. मरीजों के लिए खिचड़ी, आमरस एवं पानी की बोतलों की व्यवस्था भी की गई. मरीजों की पुन: जांच 4 जून को की जाएगी. शिविर में सेवा सदन जिला प्रभारी खुशीराम आचार्य हरि नारायण परमार, रमेश परमार, गंगाधर शर्मा, राजेंद्र कात्यानी, अरुण गोविंद सिंह राजपूत वीरेंद्र सिंह आचार्य का सहयोग रहा.